| 1 | 2 |
|---|---|
| 18. Uttar Pradesh . . . | 1,33,600 |
| 19. West Bengal . . . | 49,300 |
| 20. Andaman & Necobar Islands | 200 |
| 21. Chandigarh . . . | 1,700 |
| 22. Delhi . . . . | 42,700 |
| 23. Goa, Daman & Diu . . | 900 |
| 24. Pondicherry . . . | 300 |
| (ii) *For Defence supplies* . | 27,600 |
| (All India) TOTAL : | 6,50,000 |

**दिल्ली में गन्दी बस्तियों की सफाई करन हेतु नियत खर्च में कटौती**

3401. **श्री चन्दु लाल चन्द्राकर :** क्या **निर्माण और आवास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली की गन्दी बस्तियों की सफ़ाई करने के सम्बन्ध में शीघ्र कोई योजना बनाने के बारे में विचार कर रही है;

(ख) क्या गन्दी बस्तियों के विकास के लिये सरकार ने नियत राशि में किसी प्रकार की कोई कटौती की है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**संसदीय कार्य विभाग तथा निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता)** : (क) 1956 में बनायी गई गन्दी बस्ती उन्मूलन/सुधार योजना, दिल्ली में पहिले ही चल रही है ।

(ख) और (ग). गन्दी बस्तियों के पर्यावरणीय सुधार की केन्द्रीय योजना के लिये जो प्रावधान शुरू में किया गया था उसे बाद में वित्तीय कठिनाई के कारण कम कर दिया गया ।

**गांव स्तर की एजेंसियों के माध्यम से खाद्यान्न की वसूली**

3402. **श्री चन्द्रभाल मनी तिवारी :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार खाद्यांन्न की वसूली का काम गांव स्तर की एजेन्सियों के माध्यम से करने का है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना की रूप-रेखा क्या है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) :** (क) और (ख). अधिप्राप्ति कर रही सरकारी एजेंसियां यथा सम्भव ग्रामीण सहकारी समितियों की सेवाओं का उपयोग कर रही हैं । राज्य सरकारों से कहा गया है कि व अधिप्राप्ति के लिए जन सहयोग जुटाने के लिए विभिन्न स्तरों पर समितियां गठित करें ।

**गेहूं की वसूली**

3403. **श्री चन्द्रभाल मनी तिवारी :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक मात्रा में गेहूं की वसूली करने का निश्चय किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं, और